

इसलिए कहा जाता है एशियन ब्रैडमैन

जहीर ने साल 1969 में अपना टेस्ट डेब्यू किया और करियर के दूसरे टेस्ट मैच में ही उन्होंने डबल सेंचुरी ठोक दी। इस मैच में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 274 रन बनाए थे। जहीर अब्बास के खेलने का अंदाज काफी हद तक पूर्व महान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर सर डॉन ब्रेडमैन की तरह था। इसलिए उन्हें श्एशियन ब्रैडमैनश भी कहा जाता है।

## इस पाकिस्तानी बल्लेबाज को कहते हैं एशिया का ब्रैडमैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर जहीर अब्बास आज अपना 73वां जन्मदिन मना रहे हैं। 24 जुलाई, 1947 को पंजाब के सियालकोट शहर (अविभाजित भारत) में हुआ था। धांसू बैटिंग के लिए मशहूर अब्बास को एशिया का डॉन ब्रैडमैन भी कहा जाता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अब्बास के पैदा होने के 20 दिन बाद ही भारत का बंटवारा हुआ और एक अलग देश पाकिस्तान अस्तित्व में आ गया। पाकिस्तानी दिग्गज क्रिकेटर ने भारतीय महिला से शादी की। एशिया के ब्रैडमैन कहे जाने वाले अब्बास की भारतीय रीता लूथरा से मुलाकात इंग्लैंड में हुई। रीता वहां इंटीरियर डिजाइन की पढ़ाई कर रही थीं और जहीर इंग्लिश काउंटी ग्लॉस्टरशर के लिए खेल रहे थे। शादी के बाद रीता ने इस्लाम कबूल कर अपना नाम साइमा अब्बास कर लिया। दोनों अब कराची में रहते हैं। उल्लेखनीय है कि जहीर पहले से ही अपनी ही रिश्तेदार नसरीन से निकाह में थे। उनसे तीन बेटियां हुईं। भारतीय रीता लुथरा से लंदन में मुलाकात के बाद जहीर ने पहली पत्नी को तलाक दिया और फिर दोनों ने 1988 में शादी की। बताया जाता है कि रीता के पिता केसी लूथरा जहीर के पिता शब्बीर अब्बास के दोस्त थे।

# आईपीएल 19 सितंबर से शुरू, फाइनल 8 नवंबर को

## 19 सितंबर को संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होगा आईपीएल

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बहु प्रतीक्षित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 19 सितंबर को संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होगा और इसका फाइनल आठ नवंबर को खेला जाएगा। आईपीएल चेयरमैन ब्रजेश पटेल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईपीएल संचालन परिषद की अगले सप्ताह बैठक होगी जिसमें इसे अंतिम रूप देने के साथ कार्यक्रम को मंजूरी दी जाएगी। पता चला है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी योजना से फ्रैंचाइजी को अवगत करा दिया है।

पटेल ने कहा, 'संचालन परिषद जल्द ही बैठक करेगी लेकिन हमने कार्यक्रम तय कर लिया है। यह 19 सितंबर से शुरू होकर आठ नवंबर तक होगा। हमें सरकार की मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यह पूरा 51 दिन का आईपीएल होगा।' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अक्टूबर नवंबर में



होने वाली टी20 विश्व कप को स्थगित करने के फैसले के बाद आईपीएल का आयोजन संभव हो गया है। पटेल ने कहा कि कोविड–19 महामारी के खतरे से बचने के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जा रही है और बीसीसीआई अधिकारिक रूप से एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड को लिखेगा। पटेल ने कहा, 'हम एसओपी बना रहे हैं और यह कुछ दिनों में तैयार हो जाएगी। दर्शकों को अनुमति देना या नहीं देना संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सरकार पर निर्भर करेगा। हमने इस पर फैसला उनकी सरकार पर छोड़ दिया है। फिर भी सामाजिक दूरी का पालन करना होगा। हम अधिकारिक रूप से भी यूएई बोर्ड को लिखेंगे।' यूएई में तीन मैदान उपलब्ध हैं जो दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, शेख जायद स्टेडियम (अबुधाबी) और शारजाह मैदान है। पता चला है कि बीसीसीआई टीमों की ट्रेनिंग के लिए आईसीसी अकादमी का मैदान किराए पर लेगा। आईसीसी अकादमी में दो पूरे बड़े आकार के क्रिकेट मैदान हैं, साथ ही 38 टर्फ पिचें, छह इंडोर पिचें, 5700 वर्ग फुट आउटडोर कंडीशनिंग क्षेत्र है जिसमें फिजियोथेरेपी और चिकित्सा सेंटर भी हैं।

दुबई में मौजूदा स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के अनुसार अगर लोग अपनी कोविड–19 परीक्षण रिपोर्ट नेगेटिव लेकर आ रहे हैं तो उन्हें क्वॉरंटीन में रहने की जरूरत नहीं है, लेकिन अगर ऐसा नहीं है तो उन्हें जांच से गुजरना होगा। ऐसी अटकल लगायी जा रही थी आईपीएल 26 सितंबर से शुरू होगा लेकिन बीसीसीआई ने इसे एक सप्ताह पहले शुरू करने का फैसला किया है ताकि भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर असर नहीं पड़े। अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, 'भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया सरकार के नियमों के अनुसार वहां पहुंचने पर 14 दिन तक क्वॉरंटीन पर रहना होगा।

# जोफ्रा आर्चर, जेम्स एंडरसन और मार्क वुड की वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मैनचेस्टर। इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर, जेम्स एंडरसन और मार्क वुड को वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए गुरुवार को अपनी 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया। 25 वर्षीय आर्चर को कोविड–19 जैव सुरक्षित प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के लिए दूसरे टेस्ट मैच की टीम से बाहर कर दिया गया था। उन पर जुर्माना भी लगाया गया था। एंडरसन और वुड को उस मैच में विश्राम दिया गया था।

आर्चर, एंडरसन और वुड को हालांकि इंग्लैंड की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए



स्टुअर्ट ब्रॉड, क्रिस वोक्स और सैम करन से प्रतिस्पर्धा करनी होगी। तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड किस तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरता है यह देखना दिलचस्प होगा क्योंकि ब्रॉड, करन और वोक्स ने दूसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन करके जीत में अहम भूमिका निभायी थी।

इंग्लैंड ने हालांकि बल्लेबाजी लाइन अप में कोई बदलाव नहीं किया है। खराब फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर को इस तरह से एक और मौका दिया गया है। सीरीज अभी 1–1 से बराबरी पर है। वेस्टइंडीज ने साउथैम्पटन में पहला टेस्ट मैच चार विकेट से जीता जबकि इंग्लैंड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए दूसरे मैच में 113 रन से जीत दर्ज की थी।

**तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:** जो रूट (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जोफ्रा आर्चर, डोमिनिक बेस, स्टुअर्ट ब्रॉड, रोरी बर्न्स, जोस बटलर, जॉक क्राउली, सैम करन, ओली पोप, डोम सिब्ली, बेन स्टोक्स, क्रिस वोक्स और मार्क वुड।

## मैंने गलतियां कीं, लेकिन सभी को इससे सीख लेनी चाहिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बांग्लादेश टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन इस समय बैन की वजह से टीम से बाहर चल रहे हैं। शाकिब अल हसन ने इस बात को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से काफी दिन तक छिपा कर रखा था कि उनको मैच फिक्सिंग करने वाले लोगों ने अप्रोच किया था, लेकिन बाद में उन्होंने इस बात की जानकारी बीसीबी और आइसीसी को दी थी।

अब ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने स्वीकार किया है कि उन्होंने अपने करियर में गलतियां की हैं, जिसकी वजह से उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया। पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता द्वारा होस्ट की गई ईएसपीएन क्रिकइंफो की क्रिकेटबाजी सीरीज में इंटरव्यू के दौरान शाकिब अल हसन ने कहा कि यह अन्य खिलाड़ियों के लिए यह एक सीख है, जिससे मैं आज गुजर रहा हूं या जो मैंने गलतियां की हैं। वह 29 अक्टूबर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए स्वतंत्र होंगे, लेकिन इसके लिए उन पर 2 साल का बैन लगा था, लेकिन जानकारी देने की वजह से उन पर एक साल का बैन लगा था।

## न्यूज डायरी



### टेस्ट मैच जीतने के लिए 1 दिन में 300 रन बनाने से पीछे नहीं हटूंगाः विराट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली अपनी आक्रामक रवैये वाली कप्तानी के लिए जाने जाते हैं। विराट कोहली भले ही टेस्ट में कप्तानी कर रहे हों या फिर वनडे या टी20 क्रिकेट में, वे पहली गेंद से आखिरी गेंद तक जोश में नजर आते हैं। यही कारण है कि वे हमेशा जीत के लिए भूखे दिखाई देते हैं। विराट ने अपनी कप्तानी का एक्स फैक्टर भी टेस्ट मैच के आखिरी दिन कठिन परिस्थितियों में मिलने वाली जीत को बताया है। भारतीय टीम के ओपनर मयंक अग्रवाल ने बीसीसीआइ की आधिकारिक बेवसाइट के लिए कप्तान विराट कोहली से लंबी बातचीत की। इस दौरान मयंक ने विराट से उनकी कप्तानी के एक्स फैक्टर के बारे में पूछा तो कप्तान कोहली ने जवाब दिया, मैं किसी भी परिस्थिति में परिणाम के लिए समझौता नहीं कर सकता। अगर आपको टेस्ट मैच के आखिरी दिन 300 रन चेज करने हैं तो मैं टीम के खिलाड़ियों से कहूंगा कि ये करना है, मैं कभी भी ड्रॉ के लिए नहीं कहूंगा।

### इंग्लैंड को हराकर 32 साल बाद वेस्टइंडीज के पास टेस्ट सीरीज जीतने का मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड व वेस्टइंडीज की टीम तीसरे टेस्ट मैच में एक बार फिर से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर आमने–सामने होंगे। भारतीय समय के अनुसार ये मुकाबला तीन बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। ये वही मैदान है जहां दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को हार का सामना करना पड़ा था और तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड की टीम ने 1–1 की बराबरी कर ली थी। वेस्टइंडीज के पास इंग्लैंड की धरती पर 32 साल के बाद कोई टेस्ट सीरीज जीतने का मौका है। इससे पहले कैरेबियाई टीम ने 1988 में इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज जीती थी। इसके अलावा दोनों देशों के बीच अब तक 159 टेस्ट मैच खेले गए हैं जिसमें वेस्टइंडीज ने 58, इंग्लैंड ने 50 जबकि 51 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। इंग्लैंड में दोनों देशों के बीच अब तक कुल 88 टेस्ट मैच खेले गए हैं जिसमें इंग्लैंड ने 35 में जीत दर्ज की है जबकि वेस्टइंडीज ने 31 मैचों में तो वहीं 22 मैच डॉ रहे हैं। मैनचेस्टर में दोनों टीमों के बीच 16 मैच खेले गए हैं जिसमें इंग्लैंड ने 7 जबकि इंडीज ने 5 मैच जीते जबकि 4 डॉ रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड को है बीसीसीआई के फैसले का इंतजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि बोर्ड अपने खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के लिए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट देगा। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि हम अभी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ के आइपीएल पर आधिकारिक फैसले का इंतजार कर रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2020 के इस कैंसिल होने के बाद आइपीएल 2020 के लिए दरवाजे खुल गए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रवक्ता रिचर्ड बूक ने समाचार एजेंसी एएनआइ से पुष्टि की है कि वे अपने खिलाड़ियों के एनओसी देंगे। उन्होंने ये भी कहा है कि बोर्ड ने फैसला खिलाड़ियों पर छोड़ दिया है कि उनके इस टूर्नामेंट में खेलना या नहीं। बूक ने कहा है, जी हां, न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड IPL में भाग लेने वाले न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों के लिए NOC जारी करेगा। हम यह तय करने के लिए खिलाड़ियों पर छोड़ देते हैं कि वे एनओसी लेना चाहते हैं या नहीं।

### इंग्लैंड में पाकिस्तान की टीम का हिस्सा बनेंगे तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पाकिस्तान। आमिर पाकिस्तान की टीम में शामिल हो सकते हैं, क्योंकि मोहम्मद आमिर का दूसरा कोविड 19 टेस्ट भी नेगेटिव आया है। पाकिस्तान की टीम मौजूदा समय में इंग्लैंड में है और वहां वो प्रैक्टिस मैच खेल रही है, क्योंकि अगस्त में दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है। आमिर के अलावा सपोर्ट स्टाफ के सदस्य मोहम्मद इमरान भी दूसरी बार कोविड–19 टेस्ट में नेगेटिव आने के बाद इंग्लैंड की यात्रा करेंगे। मोहम्मद आमिर और मालिश करने वाले मोहम्मद इमरान अपने दूसरे कोविड –19 टेस्ट के नेगेटिव आने बाद शुक्रवार सुबह इंग्लैंड की यात्रा करेंगे।